# परवन अकावद पेयजल परियोजना से 3 जिलों के 1402 गांवों को शुद्ध पेयजल मिलेगा

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला तथा ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के प्रयासों से परवन अकावद वृहद पेयजल परियोजना के लिए 3523.16 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है।

परियोजना से सांगोद विधानसभा क्षेत्र के 184 गांव समेत बारां, कोटा एवं झालावाड़ जिले के कुल 1402 ग्राम और 276 ढाणियों में हर घर जल उपलब्ध करवाया जा सकेगा। इससे तीनों जिलों के तकरीबन 1,52,427 परिवार लाभान्वित होंगे। ऊर्जा मंत्री नागर ने बताया कि परियोजना में बारां जिले के 907 गांव, कोटा जिले के 184 और झालावाड़ जिले के 311 गांव सम्मिलित किए गए हैं। जिसके तहत 2 पंप हाउस और 2 वाटर फिल्टर प्लांट का निर्माण किया जाएगा। इसमें बारां जिले में 100 एमएलडी और कोटा व झालावाड़ जिले के लिए सारोलां में 40 एमएलडी का संयंत्र स्थापित होगा। इसके अलावा 41 स्वच्छ जलाशय, 276 उच्च जलाशय, 661 किलोमीटर मुख्य ट्रांसमिशन पाईपलाईन का निर्माण होगा।

वहीं पीएलसी स्काडा कार्य, डेडीकेटेड विद्युत फीडर एवं जीएसएस का निर्माण भी प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि तृतीय पैकेज के अंतर्गत झालावाड़ एवं कोटा जिले के लिए क्लस्टर पैकेज के तहत् राशि जारी हुई है। पैकेज में क्लस्टर डिस्ट्रीब्यूशन, ग्रामीण वितरण पाईपलाईन, उच्च जलाशय, स्वच्छ जलाशय और हर घर जल कनेक्शन शामिल है। कोटा जिले के अंतर्गत सांगोद विधानसभा क्षेत्र के तहसील सांगोद एवं कनवास में 38 उच्च जलाशय का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना को पूर्ण होने की संभावित तिथि 13 अगस्त 2027 मानी गई है।

■ जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 3523 करोड़ रुपए की राशि जारी, कोटा-बारां व झालावाड़ जिले के डेढ़ लाख से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे

**तीन जिलों के 1402 गांवों को मिलेगा लाभ:–** परियोजना के तहत बारां, कोटा एवं झालावाड़ जिले के कल 1402 गांव को लाभ मिलेगा। बारां जिले के 1 लाख 13 हजार 49 तथा कोटा जिले के 23 हजार 753 व झालावाड़ जिले के 15 हजार 635 परिवार लाभान्वित होंगे। इसमें बारां जिले में 28, कोटा जिले में 5 एवं झालावाड़ जिले में 8 स्वच्छ जलाशय बनेंगे।

साथ ही, बारां जिले में 184, कोटा जिले में 38 और झालावाड़ जिले में 54 उच्च जलाशय का निर्माण कराया जाएगा। इसी तरह बारां जिले में 412 किलोमीटर और कोटा व झालावाड़ जिले में 249 किलोमीटर मुख्य ट्रांसमिशन पाईपलाईन डाली जाएगी। ग्रामीण वितरण पाइपलाइन बारां जिले में 6789 किमी तथा कोटा एवं झालावाड़ जिले में 2688 किलोमीटर लाईन डलेगी। ऐसे ही, बारां में 28 तथा कोटा व झालावाड़ जिले में 16 पंप हाउस बनेंगे।

# तोगड़िया की जनसभा कोटा में

**कोटा,** (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक प्रवीण भाई तोगड़िया के कोटा आगमन पर हैंगिग ब्रिज टोल नाके पर बड़ी संख्या में युवा वर्ग द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा और जूलूस के रूप में प्रवीण भाई तोगडिया को नयागांव, शिवपुरा होते हुए घटोत्कच्छ चौराहे पर स्वागत किया जाएगा। 09 दिसंबर को प्रातः 11 बजे रंगबाड़ी स्थित शगुन मैरिज गार्डन में एक जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इस जनसभा में मुख्य अतिथि प्रवीण भाई तोगड़िया अध्यक्षता सेना से सेवानिवृत पीयूष अग्रवाल, ओम प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष होंगे। इस जनसभा में विभिन्न विषयों पर युवाओं से चर्चा की जाएगी।


राजस्थान राजपत्र
विशेषांक
साधिकार प्रकाशित
RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary
Published by Authority
भाग–1(ख)
महत्त्वपूर्ण सरकारी आज्ञाएँ
जल संसाधन विभाग
घोषणा
जयपुर, नवम्बर 10, 2025
Published By Authority

अग्रहायण 14, शुक्रवार, शाके 1947– दिसम्बर 05, 2025
Agrahayana 14, Friday, Saka 1947 - December 05, 2025

संख्या:22 / भू.अ. / ज.स. / 2023 / 1585–1589:–चूंकि राज्य सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ रामगढ एंव महलपुर बैराज और नवनेरा–गलवा–बीसलपुर–ईसरदा लिंक परियोजना के अन्तर्गत मेज पम्प हाउस एंव मेज पम्प हाउस से गलवा बांध, गलवा बांध से ईसरदा बांध तक सभी संरचनाओं सहित फीडर निर्माण में आने वाली भूमि को अवाप्त किया जाना आवश्यक है। यह घोषणा की जाती है कि संलग्न सूची में वर्णित भूमि की उक्त प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

यह घोषणा भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा–19 के प्रावधानुसार उन सब हितकारियों के निमित्त जिनका इससे संबंध हो, जारी की जाती है तथा भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) लाखेरीध्नैनवा, अतिरिक्त कलेक्टर (पुनर्वास) एंव भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना देवली को कथित भूमि की अवाप्ति के निमित्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया जाता है।

भूमि के नक्शे का निरीक्षण भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) लाखेरी / नैनवा, अतिरिक्त कलेक्टर (पुनर्वास) एंव भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना देवली तथा महाप्रबंधक आर. डब्ल्यू. जी. सी. एल., पी.आई.यू. टोंक–प्रथम के कार्यालय में किया जा सकता है।

विवरण

नवनेरा–गलवा–बीसलपुर–ईसरदा लिंक

परियोजना के अन्तर्गत मेज पम्प हाउस एवं मेज पम्प हाउस से गलवा बांध तक सभी संरचनाओं सहित फीडर निर्माण में आने वाली भूमि की अवाप्ति हेतु भू–अर्जन अधिनियम–2013 की धारा 19 के प्रस्ताव

विस्तृत जानकारी हेतु QR Code (क्यू आर कोड) स्कैन करें।

(मुकेश कुमार गुप्ता)
उप सचिव एवं प्रावै. सहा.
वास्ते मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन, राजस्थान, जयपुर।

राज.संवाद / सी / 25 / 15322


# मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**छबड़ा** (निसं)। पार्वती बेथली लिंक परियोजना के तहत बेथली बांध की ऊंचाई बढ़ाने के मामले में अब विरोध के स्वर गूंजने लगे हैं। सोमवार को बड़ी संख्या में उपखंड कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों व किसानों ने एसडीएम रामसिंह गुर्जर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर बांध की ऊंचाई बढ़ाए जाने पर रोक लगाए जाने की मांग की अन्यथा एक माह के बाद आंदोलनात्मक रूख अपनाए जाने की चेतावनी दी हैं। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि बांध की अगर ऊँचा बढ़ाई गई तो दर्जनभर गांव पूरी तरह जलमग्न हो जाएंगे और हजारों लोगों को खेत, घर, खलिहान व चरागाह छोड़कर विस्थापित होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि बांध की ऊंचाई बढ़ने से कडैयाहाट, अहमदपुरा, चिलपुरा, रसुलपुरा, हास्याखेड़ी, फलिया, गागन्याखेडी, मुकंदखेडी, पीपलखेडी सहित अन्य गांव जलभराव से प्रभावित होंगे। हजारों बीघा उपजाऊ जमीन और चरागाह क्षेत्र जलमग्न हो जाने की संभावना बढ़ जाएगी। जिससे कृषि पर आधारित किसानों की आजीविका संकट में आ जाएगी और कई किसान भूमि हीन हो जाएंगे। जिससे उनकी रोजी–रोटी पर संकट उत्पन्न हो जाएगा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में भी दो बार 1.65 मीटर ऊँचा डेम की बढ़ा चुकी है, जिससे कृशि पर व्यापक असर पड़ा है। बार–बार ऊंचाई बढने से किसानों मे रोश हैं। सरकार के इस निर्णय से चरागाह खत्म होने और पशुधन के सामने गंभीर स्थिति पैदा उत्पन्न हो जाएगी।

# जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल मिला

**कोटा,** (निसं)। जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी ई–मेल के जरिए सोमवार सुबह जैसे ही मिली, इसके बाद पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में हड़कंप मच गया। धमकी भरा ई–मेल मिलने की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी, सेना के जवान और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गई।

पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के तहत् पूरे कलेक्ट्रेट परिसर को खाली करवाया। जिला कलेक्टर की ऑफिशियल आईडी पर आये ई–मेल में कोटा कलेक्ट्रेट और जवाहर नगर स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान को आरडीएक्स बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। जिला कलेक्ट्रेट में धमकी भरे मिले ई–मेल के बाद एंटी सबोटाज चेकिंग शुरू की गई जिसमे बम स्क्वायड से लेकर डॉग स्क्वायड से जांच कराई गई और एहतियातन कर्मचारियों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी। कलेक्ट्रेट में बम की अफवाह मिलने से हड़कंप भी मच गया, कलेक्ट्रेट पहुंचे सभी कर्मचारी बाहर की तरफ खड़े रहे। पुलिस ने बैरिकेटिंग लगाकर लोगों की आवाजाही को रोक दिया, अचानक पुलिस की गहमागहमी बढ़ने के बाद लोग भी सकते में आ गए।

■ पुलिस, सेना, सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हुई

टीमें द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के चप्पे–चप्पे की जांच की गई। धमकी भरे ई–मेल का पता लगाने के लिये साईबर एक्सपर्ट की भी मदद ली गई। सुरक्षा की दृष्टि से आर्मी के जवानों की तैनाती की गई। शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कलेक्ट्रेट कार्यालय की साईट पर ई–मेल प्राप्त हुआ था जिसमें कोटा कलेक्ट्रेट व एक कोचिंग संस्थान में आरडीएक्स बम प्लांट किये जाने कि धमकी मिली थी। सूचना पर तुरंत प्रभाव से कार्यवाही करते हुए बम निरोधक दस्ता सहित अन्य टीमों को बुलाकर पूरे परिसर को खाली करवाकर हर कक्ष की जांच की गई। इस मामले में एसडीआरएफ और डीआरएफ डिफेंस सहित अन्य टीमों एवं सभी एजेंसियों की मदद ली गई और करीब दो घंटे तक चली जांच के बाद राहत की सांस ली गई।

# वृद्ध महिला से ठगी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

**कोटा,** (निसं)। रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने वृद्ध महिला से ठगी के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से ठगी किये गये सोने के आभूषण व घटना में प्रयुक्त बाइक को जप्त किया गया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि रेलवे कॉलोनी इलाके में एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला के साथ ठगी के मामले का खुलासा करने के लिये रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए दादाबाड़ी निवासी प्रभु (33), थाना कानोता के आशियाना कॉलोनी निवासी वीरचन्द (55) एवं गणेश (24) को गिरफ्तार किया है। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से वृद्ध महिला से ठगी गये सोने के आभूषण को बरामद किया एवं घटना में प्रयुक्त बाईक को भी जब्त किया।

**यह था मामला:–** रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि 5 दिसम्बर को 70 वर्षीय परिवादिया ने बेटे व पोती के साथ थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि 1 दिसम्बर को सुबह 10 बजे के करीब पोती के साथ रेल्वे अस्पताल जाने के लिये शिवाजी कॉलोनी कैनाल रोड़ पर खड़ी थी, तभी बाईक पर तीन जनें आये बाईक पर पीछे बैठा व्यक्ति हमारे पास उतर गया और नोटो की गड्डी दिखाकर कहा कि कान के टोप्स दे दो। वृद्धा ने रिपोर्ट में कहा कि पहले तो उसने मना कर दिया लेकिन बाद में उसको याद आया कि उसको अपनी आंखो का ऑपरेशन करवाना है जिसमे काफी खर्चा आता है और उस व्यक्ति की बातों में आकर कान के टोप्स सोने के उतार कर दे दिये और उसने 500–500 नोटो की गड्डी दी और तीनों मोटसाईकिल पर बैठकर तेज से चले गये। रिपोर्ट में कहा कि जब नोट की गड्डी देखी तो उसमे 500–500 के नोट नही नोटों के जैसे बहुत सारे कागज जमा थे। थानाधिकारी ने बताया कि वृद्धा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया एवं मामले में कार्यवाही करते हुए ठगी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।


